https://udaipurkiran.in/hindi/%E0%A4%8F%E0%A4%95%E0%A5%8D%E0%A4%B5%E0%A4%BE-%E0%A4%B2%E0%A4%BE%E0%A4%87%E0%A4%A8-%E0%A4%AA%E0%A4%B0-%E0%A4%9A%E0%A4%B2%E0%A5%87%E0%A4%97%E0%A5%80-%E0%A4%AB%E0%A4%BE%E0%A4%B8%E0%A5%8D%E0%A4%9F/

एक्वा लाइन पर चलेगी फास्ट ट्रेन लेकिन इन 10 स्टेशनों पर नहीं रुकेगी

3.2.2021



नोएडा (Noida) . नोएडा (Noida) में मेट्रो से सफर करने वाले यात्री के लिए जरूरी खबर है. नोएडा (Noida) मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने नोएडा (Noida) -ग्रेनो मेट्रो रूट पर फास्ट ट्रेन चलाने का फैसला किया है. यह ट्रेन सोमवार (Monday) से शुक्रवार (Friday) के बीच चलेगी हालांकि यह फास्ट ट्रेन 10 स्टेशनों पर नहीं रुकेगी, इससे सवारियों का 9 मिनट का समय बचेगा. वहीं, शनिवार (Saturday) व रविवार (Sunday) को सभी स्टेशन पर मेट्रो रुककर चलेगी. नोएडा (Noida) मेट्रो रेल कॉरपोरेशन की प्रबंध निदेशक रितु माहेश्वरी का कहना है कि व्यस्त समय में सुबह 8 से 11 और शाम को 5 से 8 बजे के बीच फास्ट ट्रेन चलेगी. यह ट्रेन सेक्टर-50, 101, 81,83, 143, 144, 145, 146, 147, 148 मेट्रो स्टेशनों पर नहीं रुकेगी. अभी सेक्टर-51 से डिपो स्टेशन तक पहुंचने में 45 मिनट 43 सेकेंड का समय लगता है. फास्ट ट्रेन के जरिए यह सफर 36 मिनट 40 सेकेंड में पूरा हो सकेगा. इसी तरह सेक्टर-51 से परी चौक तक पहुंचने में अब 28 मिनट 30 सेकेंड लगेंगे जिसमें अभी 37 मिनट लगते हैं. उन्होंने बताया कि जल्द ही यह फास्ट ट्रेन सेवा शुरू कर दी जाएगी. एनएमआरसी ने कहा कि ट्रेन के संचालन में किए गए इस बदलाव को लेकर लोगों को व्यापक तरीके से सूचित किया जा रहा है. संबंधित सभी मेट्रो स्टेशन पर इसके बारे में सूचना दी जाएगी.